*प्रेस नोट* -

*जनपद भदोही*

*दिनांक: 04.09.2026*

*थाना ज्ञानपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार*

*घटना का संक्षिप्त विवरण:-*

थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग और गश्त के दौरान मुखबिर खास से सटीक सूचना मिली कि परशुराम चौराहे से ग्राम रायपुर जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया के पास एक व्यक्ति सफेद झोले में अवैध गांजा लेकर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में साधन का इंतजार कर रहा है।

*गिरफ्तारी का विवरण:-*

*श्री अभिनव त्यागी,* पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत *श्री शुभम अग्रवाल,* अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.09.2026 को पुलिस टीम द्वारा रायपुर पुलिया के पास से घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को धारा 50 NDPS Act के तहत प्रदत्त उसके अधिकारों से अवगत कराते हुए जामा तलाशी की वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया गया।

*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-*

रवि कुमार पुत्र मरजाद हरिजन, निवासी- परशुरामपुर, थाना- ज्ञानपुर, जनपद- भदोही (उम्र करीब 24 वर्ष)।

*बरामदगी का विवरण:-*

01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा (सफेद झोले से बरामद)

*पंजीकृत अभियोग:-*

अभियुक्त के विरुद्ध थाना ज्ञानपुर में मु0अ0सं0 230/26 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट (NDPS Act) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

*पूछताछ का विवरण:-*

अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह बरामद गांजे को फुटकर (खुदरा) में बेचकर अवैध लाभ कमाता है और इसी से अपना व अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता है।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-*

उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार राय, थाना ज्ञानपुर, जनपद भदोही।

हे0का0 आशुतोष द्विवेदी, थाना ज्ञानपुर, जनपद भदोही।